प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा लिखित एक लेख साझा किया है। जिसमें देश में महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतिनिधित्व का वास्तविक प्रभाव में बदलना जरूरी है और उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा नारी शक्ति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम की नींव रखे जाने के साथ, देश अधिक से अधिक महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यह एक विकसित भारत का प्रमुख स्तंभ है।

****

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने चक्रधरपुर रेल मंडल की ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ आज टाटानगर रेलवे स्टेशन पर धरना दिया। विधायक ने रेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यात्री घंटों परेशान हो रहे हैं।

इस दौरान यात्रियों की समस्याओं को लेकर सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने कहा कि रेल प्रशासन परिचालन में सुधार के प्रयास कर रही है।

****

रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में हाल ही में गठित नई प्रदेश कमिटी के कार्यों और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और राज्य सरकार की विफलताओं को जनता तक ले जाने का निर्देश दिया।

****

रांची में आज सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक हुई। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त सहित जिले के सभी वरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

****

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र की मजबूती के लिए आधुनिक पद्धतियों और नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। श्री चौहान ने एकीकृत कृषि प्रणालियों को समय की मांग बताते हुए किसानों के कल्याण के लिए ठोस प्रयासों का भरोसा दिलाया।

****

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने आज सदर और इचाक प्रखंड को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद से 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 1हजार 700 मीटर लंबा पीसीसी पथ लगभग 60 गांवों के लिए लाइफलाइन बनेगा। सांसद ने कहा कि इस सड़क और पुलिया निर्माण से किसानों को बाजार तक पहुंचने में आसानी होगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

****

रांची और इसके आसपास के इलाकों में आज दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और कई क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने पहले ही रांची सहित राज्य के कई मध्य और उत्तर–पश्चिमी जिलों के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के अनुसार,

9 अप्रैल तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गर्जन की स्थिति बनी रह सकती है।

****

रांची में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में आज मेजबान झारखंड का मुकाबला बिहार से होने जा रहा है। अपने पिछले मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 6–0 के बड़े अंतर से हराकर शानदार शुरूआत की है जबकि बिहार को अपने पिछले मैच में महाराष्ट्र के हाथों 0–3 से हार का सामना करना पड़ा था।

*********समाप्त**********